खबर संक्षेप

## किसान को खेत से ले गया बाघ, मौत



**मानपुर।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम मछखेता के देवरी गांव में टाइगर ने इंसानी शिकार किया है, जिसमें देवरी गांव निवासी वृद्ध रामप्रताप सिंह गोंड उम्र करीब 62 वर्ष के मौत हो गई। बताया जाता है कि टाइगर के हमले के बाद देवरी स्थित स्थानीय रामनरेश गुप्ता के खेत में वृद्ध को घसीटकर लाया था, बाद में उसी खेत में वृद्ध की मौत हुई है, घटना स्थल मृतक के घर से करीब 300 मीटर दूर है, इस घटना की खबर से ग्रामीणों की भारी भीड लग गई। जानकारी उपरांत सम्बन्धित वन अधिकारी-कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। बताया यह भी जाता है कि घटना स्थल के करीब मृतक का जूता एवं हंसिया भी मिली है, जिससे सम्भावना जताई जा रही है कि गेंहू काटते समय टाइगर ने हमला किया है और वृद्ध को मौत की नींद सुला दिया है। बताया यह भी जाता है कि मृतक इंदवार क्षेत्र के थे, परन्तु गांव डूब क्षेत्र में आने के बाद विस्थापन के दौरान ये ग्राम देवरी में बस गए थे।

## रेस्टोरेंट एवं होटलों के खाद्य पदार्थों का किया गया निरीक्षण



**शहडोल।** कलेक्टर तरूण भटनागर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मिलावट के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस क्रम में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर. के. सोनी द्वारा अर्बन पिण्ड रेस्टोरेंट एवं इंडियन कॉफी हाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किचेन में साफ-सफाई के निर्देश दिए गए, साथ ही बासी एवं खराब खाद्य पदार्थ को किचन से हटाने के निर्देश दिए गए। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य सामग्री के सही रख-रखाव के भी निर्देश दिए गए। इसी प्रकार एस. के. तिवारी द्वारा वैभव रेस्टोरेंट एवं वर्षा रेस्टोरेंट जयसिंहनगर का भी निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।

## अमलाई पुलिस ने मूकबधिर बालिक को मथुरा से किया दस्तयाब



**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक के निर्देशन में अमलाई पुलिस द्वारा मूकबधिर युवती को मथुरा उप्र से दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुई है।

उक्त युवती तीन दिन पहले अमरकंटक रोड डोंगरिया के पास स्कूटी को छोड़कर लापता हो गई थी। परिजनों की रिपोर्ट पर थाना अमलाई में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर पता-तलाश प्रारंभ की गई। इस दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त युवती उप्र के मथुरा में है जिस पर एक टीम तत्काल मथुरा के लिए रवाना की गई। जिसको सुरक्षित रुप से दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में अमलाई पुलिस टीम से सहायक उप निरिक्षक करतार सिंह एवं प्रधान आरक्षक गणेश पाण्डेय, पुष्पेन्द्र घोष एवं सायबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रामपुर-बटुरा प्रोजेक्ट से अवैध कोयले की निकासी




**अमलाई।** साउथ ईस्टर्न कोल फिल्ड्स लिमिटेड के रामपुर-बटुरा मेगा प्रोजेक्ट से कोल इंडिया के द्वारा किये जा रहे कोल उत्खनन का एक बड़ा हिस्सा ओबी निकालने वाली कंपनी स्थानीय कोल माफिया के साथ मिलकर हेराफेरी करने में लगी हुई है, आरोप हैं कि ढोलू कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी के स्थानीय मुखिया प्रमोद पूर्व की तर्ज पर एक बार फिर ओबी की आड़ में कोयले के अवैध कारोबारी बन बैठे हैं।

### अनुमति किसी को, मशीन किसी की और बेखबर निगहबान

# राम नाम की लूट है...लूट सके तो लूट

**खनिज का अमला पहले विधानसभा, फिर लोकसभा और इसके साथ रेत ठेकेदारों की चाटूकारिता में व्यस्त है, सड़क निर्माण के लिए जिन्हें मुरूम उत्खनन की अनुमति दी गई है, वे खुद क्रेशर संचालकों की तरह हाजरी लगा देते हैं, ऐसे में तपती दोपहरी में साहब वातानुकूलित कक्ष से बाहर आखिर क्यों जायें। गोहपारू के मलमाथर में सड़क निर्माण के लिए मुरूम की अनुमति का दुरूपयोग एजेंसी और सचिव अपने कारोबार के लिए खुलकर कर रहे हैं।**





कार्यालय कलेक्टर (खनिज-शाखा) जिला शहडोल म.प्र.

//आदेश//

शहडोल, दिनांक 14 मार्च 2024

कार्यालयीन आदेश क्रमांक 19/ खनिज/2023/940 दिनांक 19.12.2023 के माध्यम से तहसील गोहपारु के ग्राम मलमाथर खसरा क्रमांक 406/1 रकवा 2.997 हे.क्षेत्र में भण्डारित खनिज मिट्टी के परिवहन हेतु जारी आदेश दिनांक से 02 माह के लिए अनुमति प्रदान की गई थी। प्रश्नाधीन के संबंध में आवेदक मे. ध्रुव कंस्ट्रक्शन प्रो. अखिलेश पांडेय पिता स्व. परशुराम पांडेय निवासी बिरला नगर ग्वालियर के द्वारा दिनांक 12.03.2023 को आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि मार्ग निर्माण में विलम्ब व अतिरिक्त मात्रा के परिवहन के लिए मार्ग निर्माण हेतु खसरा क्रमांक 406/1 रकवा 2.997 हेक्टेयर क्षेत्र पर (भूमि स्वामी द्वारा अपनें निजी ऊबड़-खाबड़ भूमि को समतलीकरण कार्य के दौरान निकालकर रखी गई खनिज मिट्टी तथा मुरुम का ढेर) खन्नौधी से मलमाथर तक (लम्बाई 6.30 किमी.) रोड निर्माण के निर्माण में उपयोग किये जाने वाले खनिज खनिज मिटटी /मुरुम के परिवहन के लिए की समय सीमा को 2 माह से बढ़ाकर 6 माह का समय

**शहडोल।**

गौण खनिज संपदा से परिपूर्ण जिले में रेत के ठेकेदारों ने सुनहरी रेत को जब से सोने के सिक्को में बदल दिया है, खनिज विभाग और अन्य अधिकारी सिर्फ बैठकर पगुराने में ही व्यस्त है, उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि जिले में मुरूम की एक भी वैध खदान न होने के बाद भी आखिर पंचायतों में मुरूम कौन सप्लाई कर रहा है और पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग उन बिलों के भुगतान भी कर रहा है। क्रेशर संचालक और अन्य शासकीय ठेकेदार पुरानी तर्ज पर अपनी हाजरी लगा देते हैं, ऐसी स्थिति में रेत ठेकेदारों के साथ सप्ताह-दस दिन में छापेमारी कर ली और नौकरी पूरी हो गई। वन विभाग ने गोहपारू क्षेत्र के ग्राम मलमाथर में मुरूम का अवैध उत्खनन करते हुए जब जेसीबी जब्त की तो, इस पूरे गड़बड़झाले में खनिज के राजस्व से वेतन पा रहे कर्मचारी ''बाड़ी ही खेत खा रही, कहावत को चरितार्थ करते नजर आये। बहरहाल चुनावों की धमाचौकड़ी में मामला खनिज कार्यालय की जगह पंचायत के सचिव व निर्माण एजेंसी के ठेकेदार व वन विभाग के बीच लटका हुआ है।

### मुरूम सप्लाई की छूट

शहर सहित पूरे जिले में गौण खनिजों की हो रही अवैध उत्खनन और परिवहन कर माफिया शासन को लाखों के राजस्व का नुकसान पहुंचा रहें हैं। सब कुछ जानकर भी जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंद कर बैठे हुए हैं। अधिकारियों की लापरवाही का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि गोहपारू जनपद के ग्राम मलमाथर खसरा क्रमांक 406/1 रकवा 2.997 हेक्टेयर क्षेत्र में भण्डारित खनिज मिट्टी परिवहन का आदेश 02 माह के लिए प्रदान की गई थी, कार्य में विलम्ब होने के चलते मिट्टी/मुरूम के परिवहन के लिए समय सीमा को 2 माह से बढ़ाकर 6 माह प्रदान कर दिया गया, लेकिन उक्त मुरूम उत्खनन की अनुमति मे. धुरव कंस्ट्रक्शन प्रो. अखिलेश पांडेय पिता स्व. पशुराम पाडेण्य निवासी बिरला नगर ग्वालियर को मलमाथर तक रोड निर्माण में उपयोग किये जाने की दी गई है, खबर है कि ठेकेदार द्वारा उक्त क्षेत्र से मुरूम की अवैध सप्लाई की छूट दे दी है।

### ठेकेदार या पंचायत दोषी

ग्राम पंचायत खांड में जिस मुरूम से सडक़ का निर्माण हो रहा था, वन विभाग की कार्यवाही के बाद यह तो स्पष्ट हो गया कि जेसीबी न सिर्फ अवैध उत्खनन में संलिप्त थी, बल्कि यह कार्य लंबे समय से चोरी छुपे चल रहा था, पंचायत द्वारा मुरूम का उपयोग करने के बाद जेसीबी के मालिक ग्राम पंचायत सरना के सचिव चन्द्रशेखकर सिंह के पुत्र की फर्म के नाम पर पूर्व की तरह भुगतान कर दिये जाते, इस मामले में खांड पंचायत भी सीधे तौर पर शामिल है, जिस निर्माण कार्य के लिए मेसर्स धुरव कंस्ट्रक्शन के अखिलेश पाण्डेय को बीती 14 मार्च को अन्य सड़क के पटरी फिलिंग हेतु मुरूम उत्खनन की अनुमति दी थी, इसी अनुमति के आड़ में खांड के सचिव, सरपंच, सरना के तथा कथित सचिव के साथ मिलकर काठ की हंडी चढ़ा रहे थे। पूरे मामले से खनिज विभाग ने दूरी बनाई हुई थी, लेकिन वन अमले की कार्यवाही से चल रहा गोरखधंधा सामने तो आया गया, लेकिन दोनों सचिव या ठेकेदार किसको दोषी बनाया जाता है।

### इनका कहना है

हमारी टीम ने जेसीबी और ट्रैक्टर पकड़ा था, मामला राजस्व का था, इसलिए हमने माईनिंग को पत्र भेज दिया है।

**भाग्यशाली सिंह**

अभी मामला हमारी जानकारी में नहीं है, जब पत्र आयेगा, तो दिखवायेंगे।

**देवेन्द्र पटले**
**प्रभारी खनिज अधिकारी शहडोल**

# तेज बारिश के साथ गिरे ओले



**शहडोल।**

मंगलवार को सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा था बादलों के कारण धूप में थोड़ी सी तपन कम थी, लेकिन उमस बढ़ी हुई थी। शाम के 4:30 बजे अचानक तेज बरसात होने लगी और यह बरसात तकरीबन 10 मिनट तक हुई है।

जानकारी के मुताबिक ब्यौहारी क्षेत्र में भी काफी तेज बारिश हुई है जिसके कारण यहां पर ओले भी गिरे हैं। जिले के और भी कई हिस्सों में ओले गिरने की सूचना मिल रही है। शहडोल में तकरीबन 10 मिनट बरसात हुई है और तेज बरसात हुई है। जिला मुख्यालय में डामर रोड बनाया जा रहा था बरसात के कारण सड़क निर्माण में व्यवधान भी उत्पन्न हुआ। जिले के अंतिम छोर ग्राम पंचायत बुढ़वा में शाम 04 बजे तेज बारिश एवं हवाओं के साथ ओले गिरे हैं। बताया जा रहा है कि ओले इतनी भारी मात्रा में गिरे है कि वहां के गेहूं की फसल को भारी नुकसान हुआ है, जिससे किसानों को भारी क्षति पहुंची है और बताया जा रहा है कि महुआ के फसल को भी ओले ने बर्बाद कर दिया।

# धूमधाम से मनाया गया प्रभु हनुमान का जन्मोत्सव

**शहडोल।**



प्रभु हनुमान का जन्मोत्सव शहडोल में धूमधाम से मनाया गया, सुबह से जन्म का उत्सव शुरू हुआ सुंदरकांड का पाठ हुआ और इसके बाद अब दिन भर अनेक कार्यक्रमों का सिलसिला चला। जिला मुख्यालय के घरौला नाथ हनुमान मंदिर में सुबह 8 बजे प्रभु हनुमान का जन्म उत्सव मनाया गया, अब यहां पर शाम को भजन संध्या का आयोजन रखा गया था, रात 9 बजे महाआरती हुई।

अखंड मानस पाठ की समाप्ति के बाद शोभा यात्रा का आयोजन कल्याणपुर के हनुमान मंदिर में भी सुबह 10 बजे अखंड मानस पाठ की समाप्ति के बाद शाम के समय भजन संध्या नगर और शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। राजेंद्र टॉकीज के पास स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी भंडारा का आयोजन किया गया, यहां शोभा यात्रा भी दोपहर को निकली, वहीं धनपुरी में भी शोभा यात्रा निकाली गई। इसी प्रकार पूरे जिले में मंगलवार को दिनभर भव्य आयोजन हुए।

### अमरकंटक के सौंदर्यीकरण के कार्य तेजी से पूर्ण कराएं: कमिश्नर

# अमरकंटक के सौंदर्यीकरण के कार्यों की हुई समीक्षा बैठक



**शहडोल।**

कमिश्नर बी.एस. जामोद की उपस्थिति में मंगलवार को अमरकंटक के सौंदर्यीकरण के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर अनूपपुर आशीष वशिष्ठ, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती निमिषा पांडेय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़ एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में अमरकंटक में किए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि अमरकंटक में कराए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों को गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ तेजी से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि अमरकंटक में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करें तथा सौंदर्यीकरण के कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित कराएं। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने अमरकंटक नगर के मेला ग्राउण्ड, मां नर्मदा मंदिर परिसर, सोनमूड़ा, रामघाट, माई की बगिया, कपिलधारा क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अमरकंटक को पर्यावरणीय और पर्यटन की दृष्टिकोण से नेचुरल ब्यूटी को विकसित करना है। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने कहा कि अमरकंटक में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अमरकंटक ही नहीं इसके आसपास के प्राकृतिक सुन्दरता को विकसित करने की आवश्यकता है।

बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने अमरकंटक क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। बैठक में सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# लाखों के निर्माण में, आखों में मिर्ची डाल रहे ठेकेदार

### एरिया महाप्रबंधक कार्यालय के सामने खुलकर मनमानी का खेल



**धनपुरी।**

सोहागपुर एरिया मुख्यालय व केन्द्रीय चिकित्सालय के ठीक सामने पुराने भवन को नया रूप देने का काम सिविल विभाग ने स्थानीय ठेकेदार को दिया हुआ है, लाखों के इस ठेका कार्य में ठेकेदार खुलकर मनमानी कर रहे हैं, एरिया द्वारा इस कार्य के लिए जो प्राक्कलन तैयार किया गया था, शायद ठेकेदार ने पूर्व की तरह इस कार्य को भी प्राक्कलन से परे हटकर करने की ठान रखी है, मंथर गति से चल रहे कार्य में खुलकर कायदों की धज्जियां उड़ रही है, यह बताया जा रहा है कि ठेकेदार स्थानीय होने के कारण एरिया के सिविल विभाग तथा फायनेंस के अधिकारियों से मधुर संबंध बनाये हुए हैं। इस कारण उसके बिल कार्य होने से पहले ही भुगतान के लिए तैयार हो जाते हैं। निर्माण कार्य में जिस तरह से मनमानी की जा रही है, उसने एक बार फिर यहां बनने वाली दवा दुकान के भविष्य को ही संकट में लाकर खड़ा कर दिया है।

### निम्न दर्जे की निर्माण सामग्री

केन्द्रीय चिकित्सालय के ठीक सामने दवा दुकान का निर्माण होना है, इसके लिए पूर्व से बने भवन एवं पार्किंग स्थल का उपयोग किया जा रहा है, दिखावे के लिए सीमेंट वाली ईंटे यहां उपयोग में लाई जा रही है, लेकिन उनकी गुणवत्ता और ईंटो की मजबूती दोयम दर्जे की है। इसी तरह निर्माण के दौरान चोरी रेत और घटिया सीमेंट का उपयोग हो रहा है। प्राक्कलन में जिस क्वालिटी की सीमेंट का उल्लेख किया गया है, वह सिर्फ दिखावे के लिए लाकर रखी गई है, पुराने भवन के पिल्लरों का रंगरोगन कर उनके बिल भुगतान के लिए तैयार किये जा रहे हैं। निर्माण कार्य को जानबूझकर इस तरह किया जा रहा है, कार्य की अवधि बढ़ाई जा सके।

### उपयंत्री व सिविल अधिकारी नदारद

एरिया मुख्यालय के ठीक सामने ही लाखों के निर्माण में भ्रष्टाचार की होली जलाई जा रही है, लेकिन अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं, आरोप हैं कि पिता-पुत्र मिलकर अर्से से यहां ठेकेदारी कर रहे हैं, जिनके द्वारा उक्त कार्य ही नहीं, बल्कि अन्य कार्यो में भी अधिकारियों से सांठ-गांठ कर ली जाती है, जिस वजह से न तो उपयंत्री और न ही सिविल विभाग के कर्ता-धर्ता यहां आते हैं।

# 5 वीं एवं 8वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित

### उत्तीर्ण विद्यार्थियों को कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं

**शहडोल।**



राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा 23 अप्रैल को 5 वीं एवं 8 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। कलेक्टर तरूण भटनागर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने 5 वीं एवं 8 वीं कक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाए दी। कलेक्टर तरूण भटनागर ने कहा कि जिले के पाँचवी और आठवीं कक्षा के परिणाम घोषित हुए हैं। उन्होंने उत्तीर्ण हुए छात्र- छात्राओं, उनके पालकों और शिक्षकों को बधाई प्रेषित की है। कलेक्टर ने कहा कि पाँचवी और आठवीं का यह परिणाम जो कि वर्ष भर की लगन और समझ का परिणाम है, कई मायनों में उत्साहवर्धक है। पाँचवी में 96 प्रतिशत से अधिक और आठवीं में 88 प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की है और दोनों ही कक्षाओं का परिणाम राज्य के औसत परिणाम से बेहतर है। शहडोल जिले के पाँचवी के छात्र- छात्राओं की लगन और मेहनत का नतीजा है कि इस कक्षा के परिणाम से शहडोल जिला राज्य के दस सबसे बेहतर परिणाम देने वाले जिलों में शामिल हुआ, इस कक्षा के 29 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों ने ए+ और ए ग्रेड में अंक हासिल किये जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र ने जानकारी दी है कि जिले में कक्षा 5 वीं में कुल 18100 विद्यार्थी सम्मलित हुए जिसमें 17440 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार जिले में कक्षा 8वीं में कुल 19183 विद्यार्थी सम्मलित हुए जिसमें से 16959 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण विद्यार्थियों को कलेक्टर ने शुभकामनाएं दी ।

## चाकू सहित आरोपी धराया

**शहडोल।** धनपुरी थाना क्षेत्रांतर्गत 22 अपैरल को मुखबिर सूचना मिली कि रजा मोहल्ले में एक व्यक्ति तलवार दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर धनपुरी पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर आरोपी करन राज सिंह पिता माधव सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी रजा मोहल्ला को पकड़कर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे की तलवार प्राप्त हुई। जिसे जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी धनपुरी के नेतृत्व में उप निरीक्षक आर.पी. प्रजापति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## खबर संक्षेप

### स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए विद्युत व्यवस्था निरंतर बनायें: कलेक्टर

**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु संपन्न हुए मतदान के पश्चात विधानसभा क्षेत्र-89 बांधवगढ़ की ईव्हीएम व्ही्व्हीपीएटी मशीन कक्ष क्रमांक 112 एवं 90 मानपुर की ईव्हीएम कक्ष क्रमांक 115 में शासकीय पालीटेक्निक उमरिया में बनाये गये स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखी गई है। जिसकी निगरानी हेतु सीसीटीव्ही कैमरे लगाए गए है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने कार्यपालन यंत्री मप्रपूक्षेविविकंलि. को निर्देशित किया है कि 89 बांधवगढ एवं 90 मानपुर के ईव्हीवएम स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगाए गए कैमरो के निरंतर संचालन हेतु शासकीय पालीटेक्निक में निरंतर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा हर संभव प्रयास किया जाए कि शासकीय पालीटेक्निक की विद्युत व्यवस्था में कटौती नहीं हो।

### मतदाताओं का आभार महोत्सव कार्यक्रम आज

**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन में ग्राम कुशमहाकला के मतदाताओ द्वारा शत-प्रतिशत मतदान किया गया है। जिनके सम्मान मे मतदाता आभार महोत्सव कार्यक्रम 24 अप्रैल को सायं 4 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित रहेगे ।

### शीतल पेयजल काउंटर का मुख्य अभियंता ने किया शुभारंभ

**उमरिया।** संजय गांधी ताप विद्युत परियोजना के मुख्य अभियंता शशिकांत मालवीय ने अनोखी पहल करते हुए एमपीईबी कालोनी परिसर के मुख्य द्वार में शीतल पेयजल काउंटर का शुभारंभ किया है जिसमें परियोजना केंद्र के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे। गौरतलब है कि आवासीय कालोनी में भीषण गर्मी के दौरान अब तक सार्वजनिक प्याऊ की कोई व्यवस्था नहीं थी जहां पॉवर परियोजना के मुख्य अभियंता ने सेवा भावना को ध्यान में रखते हुए शीतल पेयजल काउंटर का शुभारंभ किया है जिससे आमजन सहित आवागमन करने वाले राहगीरों को सुबह से देर शाम तक गला तर करने के लिए यह व्यवस्था संचालित रहेगी। मुख्य अभियंता शशिकांत मालवीय के इस पहल की लोगों ने सराहना की है।

### बका लेकर दहशत फैलाते युवक पकड़ाया

**कटनी।** बका लेकर घूम रहे एक युवक को कैमोर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर खलवारा बाजार में एक युवक बका के साथ पकड़ा गया जो लोगों को डरा धमका रहा था। आरोपित का नाम निखिल कोल उर्फ भूत उम्र 18 वर्ष निवासी खलवारा बाजार बताया गया है। जिसके ऊपर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सट्टा पर्ची काटते दो सटोरिये गिरफ्तार, 300 रूपए किये जब्त

**कटनी।** विजयराघवगढ़ पुलिस ने दो सटोरियों को सट्टा पर्ची काटते पकड़ा है। सटोरियों के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण बनाया गया है। जानकारी अनुसार ग्राम परसवारा में ददूली कोल उम्र 45 साल सट्टा खिला रहा था, सूचना मिलने पर पुलिस टीम पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से सट्टा पट्टी व 300 रुपए जब्त हुए। इसी तरह ग्राम सिनगौड़ी में सौरभ अग्रवाल निवासी विगढ़ सट्टा खिला रहा था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया।

### ताला सुधारने के लिये आये बदमाशों ने पार किये जेवर

**हरिभूमि न्यूजः कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र में करीब एक पखवाड़े पूर्व बदमाशों ने एक घर में अलमारी का ताला सुधारने के नाम पर लाखों के जेवरात पार कर दिये। वारदात के दो सप्ताह बाद पुलिस ने चोरी का मामला कायम करते हुए पतासाजी शुरु कर दी है। घटना 7 अप्रैल की है। एनकेजे थाना अंतर्गत त्रिपाठी लाईन दुबे कॉलोनी निवासी रेलवे से ड्राइवर पद पर सेवानिवृत्त रतन सिंह 68 के रुम का सेंटर लॉक में चाबी फंसकर टूट गई थी।

---

### अवैध रेत निजी तथा शासकीय कार्यो में खपा रहा माफिया

# रेत माफिया ने सरफा नदी को बनाया निशाना

सरकारी निर्देश के बावजूद सीमावर्ती क्षेत्र की नदियों से बालू का अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इन नदियों से बालू निकालकर ट्रैक्टर सडकों पर बेखौफ दौड़ रहे हैं। नदियों से हो रही अवैध बालू निकासी व इस तरह के बालू लदे ट्रैक्टरों पर नकेल कसने के प्रशासनिक दावे खोखले साबित हो रहे हैं।





**शहडोल।** जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सरफा नदी से रेत माफिया बेखौफ रेत निकाल रहे हैं, सुबह से लेकर देर रात तक सरफा नदी से रेत का अवैध खनन करते देखा जा सकता है। यहां तक कि सरफा नदी के कई घाटों से बेरोकटोक रेत निकाली जा रही है। लोगों का कहना है कि खनन माफिया और प्रशासन के गठजोड़ से हर रोज दर्जनों ट्राली रेत निकासी की जा रही है। जहां रेत से लदे ट्रैक्टरों की धमाचौकड़ी से स्थानीय लोग परेशान रहते हैं। वहीं तेजी से रेत डंप करने की आपाधापी में दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। वहीं दूसरी ओर रेत ठेका कंपनी को भी नुकसान हो रहा है, ऐसा नहीं है कि इस पूरे कारोबार में खनिज और पुलिस का मात्र संरक्षण है, इस कारोबार में स्थानीय नेताओं के अलावा सिंहपुर पंचायत का भी संरक्षण मिल रहा है।



#### कार्यवाही से उठ सकता है पर्दा

जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र में इन दिनों सरफा में अवैध रेत उत्खनन जोरों पर है, श्रीवास्तव नामक रेत माफिया द्वारा रेत उत्खनन का गोरख धंधा काफी दिनों से किया जा रहा है, ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि रेत उत्खनन करने वाले एवं माफियाओं पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा एक्शन क्यों नहीं लिया जा रहा है, सरफा नदी का दोहन करना कोई नया काम नहीं है, यह काफी लंबे समय से चला आ रहा है, जब जी चाहे, जितना चाहे वे नदी से बगैर परमिशन रेत उठाकर ले जाता है, सरफा से निकलने वाली रेत निजी कार्यो के अलावा शासकीय कार्यों में भी बीते वर्षो में खपाई गई है, पंचायत द्वारा रेत की खरीदी की अगर रॉयल्टी की जांच कर ले तो, रेत के अवैध कारोबार से पर्दा उठ सकता है।

#### नजराना न देने वाले बनते है निशाना

कुछ रेत तस्करों के द्वारा यहां की नदियों के अस्तित्व पर हमला किया जा रहा है, रेत तस्कर जिले की हर छोटी-बड़ी नदियों को अपना शिकार बना रहे हैं, जिला मुख्यालय से सटे सरफा नदी का दोहन किसी से छुपा नहीं है, स्थानीय मजदूरों को नदियों में उताकर मिट्टी युक्त रेत निकाली जाती है और पंचायत सहित निजी कार्यो में रेत माफियाओं द्वारा सप्लाई की जाती है, सिंहपुर थाना के वर्दीधारी सबकुछ जानने के बावजूद इस मामले में चुप्पी साधे हुए है, ऐसा नहीं है कि कार्यवाही नहीं होती, जिन लोगों द्वारा समय पर नजराना नहीं पहुंचाया जाता, उसको वर्दीधारियों द्वारा निशाना बनाया जाता है।

#### वर्दीधारियों को खबर नहीं

जिले में जहां एक तरफ सरकार की तरफ से रेत ठेका आवंटित हो गया है, इसके बावजूद रेत माफिया खुलेआम सरकार को चूना लगा रहे हैं, सिंहपुर क्षेत्र में अवैध तरीके से रेत का खनन जिले की जीवनदायनी सरफा से हर दिन किया जा रहा है, जानकारों की माने तो, पहले मजदूरों के माध्यम से रेत निकलवा कर नदी के किनारे रखवाई जाती है, इसके बाद श्रीवास्तव नामक कथित माफिया के संरक्षण में रेत ट्रैक्टरों में रेत भरी जाती है, इसके बाद निजी तथा शासकीय कार्यो में रेत पहुंचाई जाती है। इस अवैध कारोबार की खबर संभागीय मुख्यालय तक पहुंच रही है, लेकिन स्थानीय थाने के जिम्मेदारों को खबर नहीं है, यह समझ से परे हैं।

---

## बंदियों का किया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



**उमरिया।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा उमरिया द्वारा जिला जेल के बंदियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह के निर्देशन में प्रथम जिला अपर सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार चौधरी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायाधीश जितेन्द कुमार विजौलिया द्वारा जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण में जेल अधीक्षक बी. के. सारश द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। भारतीय रेडक्रास सोसायटी सचिव डॉ. के.सी. सोनी के द्वारा जिला चिकित्सालय उमरिया में पदस्थ समस्त चिकित्सा विशेषज्ञों से समन्वय स्थापित कर 82 बंदियों का सफलता पूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी के सभापति अखिलेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष राकेश सोनी, अनुराग तिवारी के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण में जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ. बी. के. प्रजापति शल्क क्रिया विशेषज्ञ, डॉ. एल.एन. रूहेला अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. व्ही.एस. चंदेल मनोरोग चिकित्सक, डॉ. मानसी अग्रवाल दंत रोग चिकित्सक एवं अरविंद शर्मा एल.टी. के उपस्थित रहे।

## नव मतदाताओं को सम्मानित किया

**उमरिया।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय के निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) के सदस्य विद्यार्थियों द्वारा लोक सभा चुनाव के प्रथम चरण में 19 अप्रैल को पहली बार मतदान करने वाले नवमतदाताओं को क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. नियाज अहमद अन्सारी एवं प्राध्यापकों ने सम्मानित किया। राजनीति विज्ञान एवं व्यक्तित्व विकास विभाग में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के नवमतदाताओं के रूप में छात्र-छात्राओं को लोक सभा




चुनाव में अपनी लोकतांत्रिक सक्रिय भूमिका निभाने के उपलक्ष्य में पीठ थपथपाकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापकों एवं मतदाता विद्यार्थियों ने अपने अनुभव सांझा किए। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. परमेश्वर सिंह मरावी, मास्टर ट्रेनर डॉ. पिंकी सोमकुवर, प्रो. शिवकुमार हल्दकार, आदित्य राय (ग्रंथपाल) सहित सहा. प्राध्यापक डॉ. बेबी धुर्वे, डॉ. अरूणेन्द्रं बहादुर सिंह, प्रो. भावना गोहर, प्रो. नीता बेन, प्रो. रेम सिंह, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. राजीव तिवारी, डॉ. जुगल किशोर, डॉ. हरेंद्र कुमार, डॉ. स्वाराज पाल, डॉ. प्रणीता त्रिपाठी, रूपलता चतुर्वदी, तबस्सुम बानो, श्रीमति आकांक्षा अग्रवाल, किरण भारती, महेन्द्र कनोजिया (क्रीडा अधिकारी) आदि। पहली बार मतदान करने वाले नवमतदाताओं में उल्लेखनीय हैं। अमित यादव (कॉलेज ऐम्बेस्डर), लवली बर्मन, कीर्ति राय, शिवानी यादव, हर्ष तिवारी, यशवर्धन ठाकूर, बुद्धसेन यादव, सुखदेव सिंह, हलीमा फातिमा, विनोद सिंह, अंजलि साहू, स्नेहा बैगा, सुयश द्विवेदी, मोहिनी प्रजापति, शहर बानो, सोनम बर्मन आदि।

---

### ग्राम सेमरी-पिपरीटोला में पहुंचे कलेक्टर

# कलेक्टर ने शत-प्रतिशत मतदान करने पर किया आभार व्यक्त






**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में उमरिया जिले के 6 मतदान केन्द्रों के मतदाताओ ने शत-प्रतिशत मतदान करके नया इतिहास रचा है , जिससे उमरिया जिले के मतदाताओं की लोकतंत्र के प्रति आस्था एवं उनकी जागरूकता की ख्याति प्रदेश ही नही पूरे देश में विस्तारित हुई है। जिला प्रशासन के लिए एवं उमरिया जिले के संभ्रात मतदाताओ के लिए यह गौरव की बात है। आगें भी जिले के मतदाता निर्वाचनों में इसी तरह बढ़-चढ़कर भाग लेंगे, ऐसी मेरी इच्छा है। सेमरी एवं पिपरीटोला के मतदाता जो देश के विभिन्न प्रदेशों में रोजी-रोटी के लिए गये हुए थे, जिला प्रशासन के एक आग्रह पर अपने गांव आकर मतदान किया तथा जिले का गौरव बढ़ाया। हम ऐसे सभी मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए जिला प्रशासन की टीम के साथ आपके गांव आए है। यह विचार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने ग्राम सेमरी एवं पिपरीटोला में आयोजित मतदाता आभार महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर एसडीएम एवं एआरओ मानपुर विधानसभा क्षेत्र कमलेश नीरज, सीएमओ मानपुर भूपेन्द्र सिंह, सीईओ जनपद पंचायत राजेन्द्र त्रिपाठी, मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी आशीष श्रीवासत्व, सेक्टर अधिकारी राजनारायण सिंह, बीएलओ, महिला पुरूष एवं युवा मतदाता, मीडिया कर्मी उपस्थित रहे। मतदाता महोत्सव कार्यक्रम में कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा मौके पर ही उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियो के माध्यम से उनका निराकरण भी कराया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन अपने दायित्वो के प्रति सजग है। जन समस्याओं का निराकरण करना जिला प्रशासन की जवाबदारी है। स्वीप अभियान के तहत इन ग्रामों का जिला अधिकारियो के साथ हमने भ्रमण किया था, उस दौरान ग्रामीणों द्वारा समस्याये बताई गई थी। इन समस्याओं का चिन्हांकन विगत दिनों मुख्यो नगर पालिका अधिकारी मानपुर के माध्यम से कराया गया था और हमनें 23 अप्रैल को शिविर लगाकर समस्याओ का निराकरण करनें का निर्धारण किया था। उसी वायदे को पूरा करने के लिए पूरा जिला प्रशासन आपके साथ है। आप सभी शासन-प्रशासन के कार्यो में बढ़- चढ़कर सहयोग दें। हम सब आपकी समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में मतदान दिवस के दूसरे दिन 20 अप्रैल को दिवंगत होने वाली महिला मतदाता श्रीमती कलावती पटेल के निधन पर मौन रखकर श्रध्दांजलि व्यक्त की गई। इस अवसर सहायक आयुक्त अखिलेश पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह गौर, राजीव गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर मीनाक्षी इंगले, अम्बिकेश सिंह, हरनीत कौर, सीएमएचओ डॉ. आर. के. मेहरा, श्रम अधिकारी आर. के. गुप्ता, जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक रवींद्र शुक्ला, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, उप संचालक कृषि खेलावन डेहरिया, तहसीलदार, बीएमओ सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। गांव के मतदाता राजेन्द्र पटेल ने कहा कि यहाँ के मतदाताओ से कलेक्टर धरणेन्द जैन की अपील कारगर हुई।

---

# युवाओं ने बस्तियों में जाकर बच्चों को वितरित की खाध सामग्री



**उमरिया।** सेवा भाव के उद्देश्य से जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा हनुमान जयंती के अवसर पर बस्तियों में पहुंचकर नन्हे-नन्हे बच्चों को केला, बिस्किट मिष्ठान, हल्दी दूध का वितरण किया गया। वितरण के पूर्व बस्तियों में जाकर दिव्यांगों को चिन्हित कर सूखा राशन भी प्रदान किया गया। पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने कहा कि युवा टीम उमरिया की अनोखी पहल है, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवाओं की टोली ने चिन्हित नन्हे-नन्हे बच्चों को हनुमान जयंती के उपलक्ष्य पर खुशियां दी जो की सराहनीय पहल है और इन युवाओं का सहयोग सभी को करना चाहिए। इससे युवाओं की टोली को ऊर्जा व शक्ति प्रदान होगी। जिससे वह और अधिक मात्रा में विभिन्न प्रकार के अभियान संचालित कर सकेंगे। अंतिम में उपस्थित सभी बच्चों को थाना प्रभारी ने हनुमान जयंती की बधाई एवं शुभकमनाएं प्रेषित की। प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि यह अत्यंत सराहनीय पहल है जरूरतमंद बच्चों को जो युवा टीम ने चिन्हित कर हल्दी दूध एवं केला उपहार स्वरूप भेंट किया है। कार्य अतुलनीय है। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी टीम के द्वारा छोटा सा प्रयास आयोजित कर चिन्हित बच्चों को कुछ पल की खुशी देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि छोटा सा प्रयास हमारा खुशियों से खिल उठे जहान सारा, इसी उद्देश्य के साथ हनुमान जयंती के पावन पर्व पर बस्तियों में वह वार्डों में पहुंचकर 50 से भी अधिक बच्चों को हल्दी दूध, केला, बिस्किट, मिष्ठान उपहार स्वरूप भेंट किया गया। युवाओं की इस कार्य की नगर में काफी सराहना भी की जा रही है। फल, बिस्किट, केला एवं हल्दी दूध प्रकार बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे, खुशी सेन, अंकित गौतम, राहुल सिंह, पारस सिंह परिहार, श्रीराम तिवारी, पूजा बैगा, पार्वती कोल, रागिनी सिंह, फूलवती सिंह, महक चौरसिया एवं सभी उपस्थित रहे।

---

*एसपी के प्रतिवेदन पर जिला दण्डाधिकारी ने की कार्यवाही*

# कलेक्टर ने दो आदतन अपराधियों के विरुद्ध की बाउंड ओवर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भय-रहित वातावरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 एवं लोक व्यवस्था बनाये रखने को दृष्टिगत रखते हुए असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का सिलसिला निरंतर जारी है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अवि प्रसाद ने जिले के दो आदतन अपराधियों के विरुद्ध राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बाउंड ओवर की कार्यवाही करते हुए संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया है।

कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की है। जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद द्वारा थाना एनकेजे अंतर्गत जुहला मेन रोड निवासी आयुष गर्ग पिता आलोक गर्ग उम्र 20 वर्ष के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बाउण्ड ओवर की कार्यवाही करते हुए 6 माह तक प्रतिमाह एक दिवस थाना एन.के.जे में हाजिरी देने का आदेश पारित किया है। जबकि एक अन्य प्रकरण में थाना रीठी ग्राम जमुनिया निवासी उच्छेलाल उर्फ करिया पिता गोफा कुम्हार उम्र 40 वर्ष के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बाउंड ओवर की कार्यवाही करते हुए 6 माह तक प्रतिमाह माह मे दो दिवस थाना रीठी में हाजिरी देने का आदेश पारित किया है।

आयुष गर्ग के विरूद्ध वर्ष 2020 से अभी तक सहयोगियों के साथ सक्रिय होकर एक राह होकर गाली, गुफ्तार करने, रास्ता रोककर मारपीट करना एवं फेक्चर कर चोट पहुंचाना, आम जगह पर गुंण्डा गर्दी करनें, अश्लील कार्य करने जैसे अपराध पंजीबद्ध है।जबकि अच्छेलाल उर्फ करिया के विरूद्ध वर्ष 2005 से थाना रीठी एवं कटनी मे 8 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें लोगों के घरों मे रेकी कर चोरी करना, अपराध करने के उद्देश्य से हथियार लेकर घूमना, लोगों के साथ गाली - गलौच करना, मारपीट कर जान से मारने की धमकी देना के साथ ही जिला बदर की कार्यवाही का उल्लंघन करनें जैसे अपराध शामिल है। दोनों अपराधियों के विरूद्ध समय- समय पर आपराधिक गतिविधियों मे अंकुश लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने के बाद भी इसकी आपराधिक गतिविधियों में कोई सुधार नहीं हुआ।

उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अवि प्रसाद नें आयुष गर्ग एवं अच्छेलाल उर्फ करिया पर बाउंड ओवर की कार्यवाही करते हुए 6 माह की अवधि तक संबंधित थानों में प्रतिमाह हाजिरी दर्ज कराने के निर्देश दिए है।

## खबर संक्षेप

### ओपीएम की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती दे रहे शातिर चोर



**अमलाई।** अमलाई स्थित कागज कालोनी में इन दिनों चोरी जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही है चोर सुनसान घरों को निशाना बना रहे है। और दिन दहाड़े चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। हाल ही में यहां कई घरो में चोरी की घटनाएं घटित हो चुकी है। जहां कागज कर्मचारियों की बेशकीमती जेवरात और नगदी पार किये जा रहे है। ओपीएम कालोनी की बात करें तो बीते दो- तीन वर्षों में यहां चोरी की वारदात तेज हो गई है। और कई घरों के ताले टूट चुके है। जिस पर पेपर मिल प्रबंधन कोई ठोस कदम उठाने नाकाम साबित हो रहा है।

**सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती चोरियां-** कागज कालोनी में इस प्रकार से बढ़ती चोरी के वारदातें ओरिएंट पेपर मिल की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रही है। चोरी की वारदातों पर रोक लगाने के दावे खोखले साबित हो रहे है। चाहे वह साइकल स्टैंड से साइकिलें चोरी की घटनाएं हो या कालोनी में लगातार हो रही चोरियां।ओपीएम के साइकल स्टैंड से भी मजदूरों की कई साइकिलें चोरी होती रहती है जिस पर भी कोई कार्यवाही नही हो पाती है। कालोनी के बंद क्वार्टरों के गेट और दरवाजों को तो चोरों द्वारा निशाना बनाया जाता ही था अब तो घर के अंदर भी चोरी होने लगी है। ओपीएम प्रबंधन का दावा है की कालोनी की सुरक्षा हेतु सुरक्षा एजेंसी के कर्मचारी तैनात किए गए है किंतु सुरक्षा एजेंसी किस प्रकार से कार्य कर रही है यह तो कालोनी में हो रही चोरियों से ही अंदाजा लगाया जा सकता है। गर्मी और शादी जैसे सीजन में लोगो का आना जाना लगा रहता है जिसको देखकर चोर खाली क्वार्टरों पर निशाना साध रहे है। हाल ही में ओपीएम कालोनी के तीन गेट भी चोरी हो चुके है। और सोमवार को दिन दहाड़े एक घर से चोरी कर ली गई। जिसके थाना में सूचना दर्ज कराई गई है।

### संभाग स्तरीय त्रैमासिक बैठक आज

**शहडोल।** उपायुक्त राजस्व ने जानकारी दी है कि सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से संभागस्तरीय त्रैमासिक बैठक का आयोजन 24 अप्रैल को दोपहर 12:30 बजे से कमिश्नर कार्यालय के सभागार में किया गया है।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**शहडोल।** पपौंध थाना क्षेत्र के ओदरी गांव में फसल को पानी लगा रहे किसान की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि रामलाल साकेत घर के समीप खेतों में पानी लग रहा था, इस दौरान वह बिजली की करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं पास में उसका पुत्र भी खेत में काम कर रहा था अचानक पिता को गिरते देख पुत्र दौड़ पड़ा और पास में जाकर देखा तो रामलाल साकेत के पैर में बिजली की कटी हुई वायर चिपकी हुई थी। जिससे पुत्र यह समझ गया कि पिता को करंट लगा हुआ है, तत्काल उसने बिजली का कनेक्शन दौड़कर काटा जब तक रामलाल की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद पुत्र ने आसपास के लोगों को मामले की जानकारी दी, लोग मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी लगने के बाद थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची पंचनामा तैयार कर मृतक के शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है।

### चाकू चमकाते आरोपी धराया

**शहडोल।** खैरहा थाना क्षेत्रांतर्गत 21 अप्रैल को मुखबिर सूचना मिली कि सिरौंजा में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर खैरहा पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर आरोपी रामकुमार जैसवाल पिता चंद्रिका जैसवाल 30 साल निवासी सिरौंजा को पकड़कर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला। जिसे जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## अपने भगवान संग रथयात्रा पर निकले हनुमानजी

# राधाकृष्ण मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा









सुप्रसिद्ध श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में स्थित श्री श्री 1008 श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में 23 अप्रैल मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीहनुमान जन्मोत्सव सेवा समिति व हिंदू धार्मिक संस्था के तत्वधान में हनुमान महोत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।

धनपुरी ।

बुढार छिरहा तालाब स्थित हनुमान मंदिर हनुमान जन्मोत्सव पर जुलूस निकालकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर आज सुबह प्रातः10 बजे से जलभिषेक महाआरती व पूर्णाहुति हवन हुआ जो दोपहर 12:00 बजे तक चलता रहा। सर्वप्रथम हनुमान जी की महाआरती का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों महिलाओं पुरुषों ने आरती सहभागिता निभाई । नगर के मध्य स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुबह से ही भगवान श्री हनुमान जी की पूजा पाठ को लेकर भक्तों का तांता लगा रहा। हनुमान जी की पूजा पाठ आरती मे सैकडो भक्तजन नारियल, मीठा, पकवान आदि लेकर मन्दिर पहुच रहे थे जो मंदिर में चल रहे अनुष्ठान मे शामिल हुए। महाप्रसाद वितरण एवं भडाराश्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन दोपहर 1बजे से शाम 5 बजे तक समिति के द्वारा किया गया जहां तकरीबन 5 हजार श्रद्धालु जनों ने प्रसाद ग्रहण किए। सर्वप्रथम ब्राह्मण भोज एवं कन्या भोज के उपरांत भंडारा आयोजन शुरू किया गया। समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा भण्डारे के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी जहां सभी लोगों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया और लोगों को किसी प्रकार से परेशानी नहीं हुई।विशाल शोभायात्राश्री राधा कृष्ण मंदिर से शाम 6 बजे भव्य शोभायात्रा आरंभ हुई जिसके लिए सैकड़ों भक्तजन मंदिर परिसर में पहले से ही एकत्र थे। रथ में विराजे पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम-लक्ष्मण माता सीता हनुमान जी की झांकी गाड़ियों के काफिले के साथ निकली। रथ के आगे सैकड़ों महिलाएं पुरुष व बच्चे शोभायात्रा में शामिल होकर कतार बद्ध पताका लेकर आगे आगे चल रहे थे। साथ में भगवान श्री राम लक्ष्मण सीता हनुमान जी की झांकी के साथ चलचित्र व सैकड़ों लोग शोभायात्रा में शामिल थे। शोभायात्रा इमामबाड़ा होते हुए आजाद चौक पहुंची जहां से माइकल चौक, 1नम्बर, गोफ चौराहा होते हुऐ जुलूस गुरु नानक टॉकीज होते हुए विकास लाज पोस्ट ऑफिस दूरभाष केंद्र होते हुए आजाद चौक होते हुए श्री राधाकृष्ण मंदिर पहुंचकर भंडारा में तब्दील हो गई जुलूस का जगह-जगह स्वागत रामलला अंजनी पुत्र का जुलूस का काफिला श्रीराधे कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होते हुए नगर के विभिन्न स्थलों से जुलूस निकला जहां जगह-जगह स्वागत करने को लेकर आतुर रहे श्रद्धालुजन जैसे ही जुलूस पंडाल के पास पहुंचा, फ्रूटी, शरबत, पानी पाउच, कोल्ड ड्रिंक, फ्रूट सलाद,खीर आदि का स्वागत किया गया आते रहेसेवा भाव से रहे समर्पितहनुमान जयंती सेवा समिति, हिंदू धार्मिक संस्था, के अध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल, गणेश गुप्ता, बृजवासी अग्रवाल, हेमंत सोनी,रमेश गुप्ता, राजेश सोनी, सुजीत जैन,अजय जयसवाल,विजय प्रकाश शर्मा, महेंद्र सिंह पवार, राजेश अग्रवाल, रतन चौकसे,संदीप गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, विनोद गुप्ता, पत्रकार राजू अग्रवाल,,लक्ष्मण सोनी, विनोद रजक, सोनी, सैकड़ों कार्यकर्ता हनुमान महोत्सव के अवसर आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में काफी संख्या में नवयुवक सेवा भाव से लगे हुए थे।सुरक्षा व्यवस्था,नपा सफाई में जुटी शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस बल रही तैनात रहे मंगलवार को सुबह से ही पुलिस बल जगह-जगह तैनात रही धनपुरी थाना प्रभारी खेम सिंह पुलिस दल बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था बनाने में डटे रहे। नगर पालिका के द्वारा साफ सफाई जुलूस मार्गो पर चूना डालकर चिन्ह किए गए।



## कृपा करहुं गुरुदेव की नाई

**बुढ़ार।** हनुमंत चरित्र अपने आप में ज्ञान का महासागर है सौ शाल का हर दिन ही मेरे लिए उनका जन्मोत्सव है। मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर नगर के विभिन्न मंदिरों में सुबह से विधिः विधान पूर्वक पुजा अर्चना कर हनुमान जी को चेला अर्पित कर धूमधाम से मनाया गया। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर नारायण सरोवर में हनुमान जयंती के एक दिवस पहले अखंड मानस पाठ का भी आयोजन कर मंगलवार को अहुति दी गई उसके उपरांत पुजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी धर्मों के लोग पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर लखेरन टोला एवं नारायण सरोवर से शाम हनुमान जी को रथ में सवार कर बाजें गाजें के साथ शोभायात्रा निकाली गई जिसका जगह जगह स्वागत किया गया। हनुमान मंदिर के सेवादारों ने भंडारे में अपना अपना सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महंती भुमिका निभाई।

## माहों से बिल न पाने को लेकर काट रहे आफिस का चक्कर

# खरीद कर घटिया माल अफसर हो रहे मालामाल

धनपुरी।

एसईसीएल सोहागपुर कोयलांचल की कोयला खदानों से भले ही सिर्फ कोयला निकलता है मगर इन्हे संचालित करने वाले कंपनी के कई विभाग तरह तरह की कीमती चीजें और आमदनी के नए स्त्रोत खोज ही लेते हैं। ऐसा ही एक जरिया है एरिया सहित कालरी के विभिन्न यूनिट में लोकल पर्चेज के नाम पर ब्रांडेड कंपनी की जगह नॉन ब्रांडेड के कलपुर्जो के चलते आए दिन मशीनें ब्रेक डाउन बनी रहती है। कल पुर्जों की जांच पड़ताल करने वाला कोई नहीं।अनजान प्रबंधन?लोकल परचेज से सोहागपुर एरिया के विभिन्न माइंस के ईएण्डम विभाग के इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल विभागों में हर महीने लाखों का ब्यारा नारा होने की खुलेआम जन चर्चा रहती है, मगर पता नहीं क्यों प्रबंधन के कानो तक




ऐसी संवेदनशील बात नहीं पहुंचती एरिया में चर्चा है की लोकल परचेज के नाम पर उक्त ईएण्डम विभाग मे गड़बड़ी होने की शिकायत पर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं। समय पर वीलिंग का भुगतान भी नहीं होता जिससे ऑफिस का चक्कर काटने को मजबूर हैं।हर विभाग में खेलबताया जाता है कि अमलाई ओसीएम मे कई तरह के हालपैक डोजर बडे मशीनो के समान जो अधिकृत एजेंसी से ही खरीदे जाने चाहिए जानबूझ कर तत्कालिक अर्जेंट के नाम पर नोटशीट चलाकर लोकल परचेस के सस्ते खरीद फरोक्त कर ली जाती है। मशीनों में ब्रेकडाउन का रोना बना रहता है। जन चर्चा इतनी आम है कि सहसा विश्वास ही नहीं होता मगर बताने वाले सूत्र नाम ना छापने के सर्त पर बताते हैं कि मशीनों में लगने वाले पाट्र्स कब लगाया गया था और कितने दिनों के बाद खराब हुआ कोई देखने सुनने वाला नहीं लंबा चौड़ा बिल बनाकर कंपनी को दोहरा नुकसान उठाना पड़ रहा है। लोकल परचेज की असली कामधेनु है। ईएण्डम विभाग, के पांचों उंगलियां घी में है। अधिकारी के चक्कर काट रहेखदानों में निजी वाहन मलिक टेंडर के अनुसार परिवहन खदानों में लगा दी गई है लेकिन बिल के लिए परेशान होते हैं। पहले हर माह समय पर बिल मिल जाता था लेकिन जब से ईएण्डम में नए अधिकारी आने के बाद से लोगो का बिल चार-चार माह का रुका हुआ है पूछे जाने पर सही जवाब नहीं मिलता जिससे वाहन संचालक बिल को लेकर अधिकारी के आगे पीछे चक्कर काट रहा है। उनके पास डीजल भराने पैसा नहीं है।

## श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष पर युवाओं की अनोखी पहल

# बच्चों को वितरण किया फल बिस्कुट, मिष्ठान



उमरिया

सेवा भाव के उद्देश्य से जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा श्री हनुमान जयंती के अवसर पर बस्तियों में पहुंचकर नन्हे-नन्हे बच्चों को केला, बिस्किट मिष्ठान, हल्दी दूध का वितरण किया गया। वितरण के पूर्व बस्तियों में जाकर दिव्यांगों को चिन्हित कर सूखा राशन भी प्रदान किया गया। पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने कहा कि युवा टीम उमरिया की अनोखी पहल है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवाओं की टोली ने चिन्हित नन्हे नन्हे बच्चों को हनुमान जयंती के उपलक्ष पर खुशियां दी जो की सराहनीय पहल है और इन युवाओं का सहयोग सभी को करना चाहिए। इससे युवाओं की टोली को ऊर्जा व शक्ति प्रदान होगी ।जिससे वह और अधिक मात्रा में विभिन्न प्रकार के अभियान संचालित कर सकेंगे। अंतिम में उपस्थित सभी बच्चों को थाना प्रभारी ने हनुमान जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे ने कहां की यह अत्यंत सराहनीय पहल है जरूरतमंद बच्चों को जो युवा टीम ने चिन्हित कर हल्दी दूध एवं केला उपहार स्वरूप भेंट किया है। कार्य अतुलनीय है। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी टीम के द्वारा छोटा सा प्रयास आयोजित कर चिन्हित बच्चों को कुछ पल की खुशी देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि छोटा सा प्रयास हमारा खुशियों से खिल उठे जहान सारा इसी उद्देश्य के साथ हनुमान जयंती के पावन पर्व पर बस्तियों में वह वार्डों में पहुंचकर 50 से भी अधिक बच्चों को हल्दी दूध केला बिस्किट मिष्ठान उपहार स्वरूप भेंट किया गया। युवाओं की इस कार्य की नगर में काफी सराहना भी की जा रही है। फल, बिस्किट, केला एवं हल्दी दूध प्रकार बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे,युवा हिमांशु तिवारी,खुशी सेन, अंकित गौतम, राहुल सिंह ,पारस सिंह परिहार श्रीराम तिवारी, पूजा बैगा, पार्वती कोल, रागिनी सिंह फूलवती सिंह महक चौरसिया एवं सभी उपस्थित रहे।

# हनुमान जयंती पर मंदिरों में हुए विविध आयोजन



अमलाई।

हनुमान जयंती के अवसर पर नगर के हनुमान मंदिरों में विभिन्न आयोजन किये गए नगर परिषद बरगवां अंतर्गत दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में दो दिन पूर्व से ही अखंड मानस पाठ रामायण सहित अन्य आयोजन किये गए। मंगलवार को हनुमान जयंती के दिन सुबह से भक्तों की भीड़ लगी रही दोपहर से भंडारे का आयोजन किया गया जो देर शाम तक चलता रहा। बता दे कि बरगवां का दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर काफी प्राचीन मंदिर है और यहां की मान्यता अनुसार दूर दूर से लोग दर्शन करने आते है पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ से भी लोग यहां अपनी मनोकामनाओं को लेकर आते है और पूरा होने पर भंडार आदि करवाते है। बीते एक हफ्ते से यहां मंदिर की साज सज्जा और अन्य व्यवस्थाएं की जा रही थी। पंडित अजय मिश्र ने बताया कि सभी के सहयोग से भव्य आयोजन किया जाता है। नगर परिषद बरगवां अंतर्गत गांधीनगर में दुर्गा पूजा पंडाल में स्थित हनुमान मंदिर में भी अखंड मानस पाठ सहित अन्य आयोजन किये गए अध्यक्ष गीता गुप्ता के साथ क्षेत्र की महिलाओं ने हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया।

# अब तक नहीं खुला प्याऊ व वाटर एटीएम

अमलाई ।

अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में ही गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान 42 डिग्री पहुंच रहा है सुबह से ही धूप की तपिश लोगों को दोपहर का एहसास करा रही है यही वजह है कि लोगों को अपना गला तर करने के लिए गर्मी के दिनों में यदि कोई चीज सर्वाधिक सकून देती है, तो वह है जल है। लेकिन अपनी शीतलता से लोगों की प्यास बुझाने वाला जल भी गर्मी में बढ़ते तापमान में अपनी ठंडक खो देता है। ऐसे में सभी की चाहत होती है कि गर्मी में उसे फ्रिज का शीतल जल मिले पर ऐसा करना हर वर्ग के लिए संभव नहीं होता । तब लोगों की जेहन में देशी फ्रिज यानी मटका, सुराही की याद आती है। समय से पूर्व दस्तक दे चुकी गर्मी से जिले के लोगों का हाल-बेहाल है। ऐसे में सड़कों पर देशी फ्रिज की दुकानें सज गई है। हालांकि मटकों के दामों में पिछले वर्ष की अपेक्षा अबकी डेढ़ गुना का इजाफा हो गया



है। बकहो नगर के स्टेट बैंक चैराहा और अमलाई स्टेशन के समीप तो धनपुरी नगर में इमामबाड़ा स्टैंड, बुढार बस स्टैंड रेलवे ब्रिज व अन्य स्थलों पर कई मटके की दुकानें सजी हैं। महंगाई की मार मटकों पर भी पड़ी है क्योंकि पिछले वर्ष साठ से 70 रुपये में बिकने वाला मटका इस बार 100-150 रुपये में बिक रहा है। वहीं बड़े घड़े की कीमत अधिक हो गई है। साधारण मटके जहां 50 से 70 रूपये के बीच है। मटका बेंचने वाले दुकानदार प्रजापति का कहना है कि मिट्टी से लेकर घड़ा बनाने मे उपयोग होने वाली अन्य सामग्री के दामों में पिछले साल के मुकाबले भारी इजाफा हुआ है। जिससे घड़ों के दाम बढ़ाना आवश्यक हो गया था। दाम बढ़ाने के बावजूद भी मेहनत और लागत निकालने में दिक्कतें हो रही है।

अबतक धनपुरी नगर में कहीं पर भी वाटर एटीएम संचालित नहीं है जिस की सौगात वर्षों पूर्व एसईसीएल द्वारा दी गई थी। वाटर एटीएम या प्याऊ ना होने के कारण लोग तो परेशान हैं ही मवेशियों की जान पर बन आई है। यदि समय रहते प्याऊ और वाटर एटीएम की व्यवस्था नहीं की गई तो नगर के हालात बद से बदतर हो सकते हैं। गर्मी और तेज धूप के इस दौर में नगर में कहीं पर भी प्याऊ या वाटर एटीएम ना होने के चलते लोगों के मन में कई प्रकार के सवाल भी उठ रहे हैं साथ ही नगर प्रशासन के नुमाइंदों की कार्यशैली को लेकर भी तरह-तरह की बातें होने लगी हैं। नगर पालिका द्वारा इस साल प्याऊ क्यों नहीं खोली गई है हर साल तेज गर्मी पड़ने पर नगर पालिका द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर खुलकर लोगों का गला तर किया जाता था, लेकिन इस बार नगर पालिका ने नगर में अभी तक एक भी सार्वजनिक प्याऊ नहीं खुली है। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### जिले ने प्रदेश स्तर पर कक्षा 5वीं में चौथा व 8वीं में पांचवां स्थान किया प्राप्त

**अनूपपुर।** राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा आयोजित कक्षा 5 वीं और 8 वीं के बोर्ड पैटर्न वार्षिक परीक्षा के नतीजे आज घोषित किए गए हैं। कक्षा 5 वीं में अनूपपुर जिले में 12 हजार 78 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 11 हजार 833 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिले का परीक्षा परिणाम 97.97 प्रतिशत रहा। कक्षा 5वीं में अनूपपुर जिले ने प्रदेष स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 8 वीं की परीक्षा में 11 हजार 248 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 10 हजार 793 विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 95.95 रहा। कक्षा 8 वीं में प्रदेश स्तर पर अनूपपुर जिले ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं की परीक्षा में जिले के सभी सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है।

### 29 अप्रैल सोमवार को 10 जोड़ों की शादी करवायेगा उर्स कमेटी

**अनूपपुर।** जैतपुर मे 2009 से 2023 तक कुल 158 जोड़ों की शादियां कराने के बाद इस साल 29 अप्रैल सोमवार को 10 जोड़ों की शरियतो सुन्नतो के मुताबिक बड़े धूमधाम से शादियां कराई जायेगी। हर साल की तरह इस साल भी हजरत बाबा करामत शाह रहमतुल्लाह अलैह का 83वां सालाना उर्स मुबारक के मौके पर इज्तेमाई शादियों का इंतजाम किया गया है। हर जोड़ों को घरेलू जरूरत का सामान भी दिया जाता है और आने वाले मेहमानों के खाने का भी इंतजाम कमेटी के जानिब से किया गया है। लेहाजा बमदाद करामत युवा उर्स कमेटी जैतपुर के अध्यक्ष मोहम्मद रईस खान, कार्यवाहक अध्यक्ष सफीक कादरी, डॉ अनीश अहमद तथा सेक्रेटरी चांद खान नियाजी ने गुजारिश की है कि उर्स मुबारक के मौके में शरीक होकर फैजेयाब हो व दूल्हा-दुल्हनों को अपनी दुआओं से नवाजें। इस मौके पर शायरे इस्लाम हजरत शब्बीर बरकाती साहब किबला इन्टरनेशनल शायर नात खां 29 अप्रैल सोमवार को रात 9 बजे से प्रोग्राम करेंगे वही 30 अप्रैल को कव्वाली का शानदार मुकाबला हिन्दुस्तान के मशहूर कव्वाल अनीस नवाब अहमदाबाद गुजरात व हिन्दुस्तान की मशहूर कव्वाला गीता चिश्ती कब्बाला गया बिहार के मध्य होगा। इज्तेमाई शादियां 29 अप्रैल सोमवार बाद नमाज मगरिब होगा।

### हनुमान जयंती पर बांधा मंदिर में होगी महाआरती

**कटनी।** आज 23 अप्रैल मंगलवार स्नानदान पूर्णिमा में अंजनिसुत भगवान हनुमान जी के प्रकटोत्तसव के सुअवसर पर श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम में प्रातःकाल हनुमान जी का चोलाभिषेक एवम भंडारा प्रसाद का आयोजन होगा। सायं सात बजे भगवान मुरली मनोहर जी, आदि शक्ति मां गायत्री जी, भगवान भोलेनाथ जी, विघ्न विनाशक गणेश जी एवम हनुमान जी की भव्य महाआरती होगी।

### स्ट्रांग रूम की चाबी रखने अधिकृत किये अधिकारी

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने लोकसभा निर्वाचन 2024 मेनुअल ऑन इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की कंडिकाओ एवं रिटर्निंग ऑफिसर की पुस्तिका 2023 में दिये गए प्रावधानों के अनुपालन में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र शहडोल की बड़वारा विधानसभा एवं खजुराहों क्षेत्र की विधानसभा विजयराघवगढ़, मुड़वारा तथा बहोरीबंद के स्ट्रांग रूम की चाबी रखने हेतु अधिकारियों को अधिकृत किया है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार विधानसभा बड़वारा की प्रथम चाबी हेतु सहायक रिटर्निंग आफिसर तथा द्वितीय चाबी हेतु तहसीलदार ढीमरखेड़ा को नियुक्त किया गया है। इसी तरह विजयराघवगढ हेतु प्रथम चाबी सहायक रिटर्निंग आफिसर तथा द्वितीय चाबी हेतु तहसीलदार विजयराघवगढ को, विधानसभा मुड़वारा हेतु प्रथम चाबी सहायक रिटर्निंग आफिसर तथा द्वितीय चाबी हेतु तहसीलदार कटनी शहर को नियुक्त किया गया है।

## अमरकंटक सहित जिले भर में धूमधाम से मनाया गया श्री हनुमान प्राकट्योत्सव

# तुम रक्षक काहू को डरना...



हनुमान जयंती के अवसर पर जिले भर के मंदिरों में कई बड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहरों में कई भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई तो वही मंदिरों में सुंदरकांड पाठ आयोजित हुआ, हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों को खूबसूरत तरीके से सजाया गया है। मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ के साथ ही अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। जगह-जगह भक्तों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इन भंडारों में आलू-पूड़ी, छोला-पूड़ी, चावल, बूंदी, खीर आदि का प्रसाद भक्तों में वितरित किया गया। इस दौरान भक्तों की भीड़ देखते ही बन रही थी।



### निकाली गई विशाल शोभा यात्रा तो जगह-जगह हुये भण्डारे के आयोजन

**अनूपपुर।** जिले भर में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हनुमान मंदिरों में विशेष श्रृंगार, पूजन, महाआरती, सुंदरकांड पाठ के साथ प्रसाद वितरित किया गया। जगह-जगह भंडारों का आयोजन भी हुआ। श्री हनुमत प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में अखंड रामायण का पाठ का समापन हुआ वहीं, हनुमान जी को दूध, दही, घी, शहद, चीनी, पंचामृत, अष्टगंध, गुलाब जल, गंगाजल से स्नान कराकर दुग्धाभिषेक किया गया। भव्य आरती हुई एवं भोग प्रसाद लगाया गया। भक्त हाथ में भोग लिए प्रभु के दर्शनों को आतुर दिखे।

### भक्तिमय हुआ पुष्पराजगढ़

पुष्पराजगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बहपुर में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में ग्राम वासियों के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ग्राम पंचायत बहपुर के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद एक बालक को हनुमान रूप में बनाकर उनकी पूजा की गई फिर रथ में भगवान राम की मूर्ति के नीचे बैठ कर भव्य शोभा यात्रा पूरे गांव में घुमाई गई जहां भक्तों ने भगवान राम एवं हनुमान बने बालक की आरती उतार कर जगह-जगह पूजा अर्चना की गई। ग्राम पंचायत बहापुर के सरपंच श्रीमती बेलाबाई हाथों में झंडा लेकर रथ की अगुवाई कर रही थी। यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी यात्रा का समापन राम कुटी मैं पूजा अर्चना के बाद हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के बाद पूरी हुई शोभा यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### शोभायात्रा के साथ जागरण का हुआ आयोजन

हनुमत जन्मोत्सव के अवसर पर जहां जिला मुख्यालय के इंदिरा तिराहा के पास उत्कृष्ट विद्यालय मे संदीप शिवहरे ने देवी जागरण कर समां बांधा वही सामतपुर व बस्ती स्थित केशरी नंदन हनुमान जी मंदिर समिति द्वारा विशाल शोभायात्रा निकालकर शहर भ्रमण किया जहां भारी भीड़ के बीच जय हनुमान जय सिया राम गुंजायमान हो रहा था।





### कोयलांचल में भी रही धूम

श्री हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम पूरे नगर में धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से हनुमान मंदिरों में भक्तों की भीड उमड़ना शुरू हो गई थी। ठाकुर बाबा धाम, थाना परिसर एवं तहसील परिसर के मंदिरों में सुंदर कांड का पाठ सुबह से प्रारंभ हो गया एवं शाम को भजन कीर्तन के साथ भंडारे का वितरण किया गया। शाम को तहसील स्थित हनुमान मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होकर वापस मंदिर पहुंची शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए शोभा यात्रा काजगह-जगह स्वागत सत्कार के साथ आरती भी उतारी गई एवं पुष्प वर्षा भी की गई। हनुमान जन्मोत्सव पर क्षेत्र भर के मंदिरों में विविध कार्यक्रम सुबह से लेकर रात तक चलते रहे। कहीं पर महा आरती तो कहीं भंडारे के साथ महिला मंडल द्वारा रामायण का आयोजन भी किया गया। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिरों में श्री हनुमान जी के जयकारे गूंजते रहे हैं। पर्व को लेकर प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई थी जगह-जगह पुलिस की टीम ग्रस्त करने के साथ मंदिरों में फिक्स ड्यूटी भी तैनात रही।

### पवित्र नगरी में भी गदाधारी की जय जयकार गूंज उठर

तीर्थराज अमरकंटक में भगवान महावीर हनुमान जी के प्राकट्य उत्सव पर्व को बड़े ही धूमधाम के साथ अमरकंटक में मनाया गया आज सुबह से ही अमरकंटक के प्रमुख हनुमान मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। नर्मदा मंदिर के दक्षिणी तट पर स्थित भगवान मारकंडेय की तपोस्थली श्री मार्कण्डेय आश्रम में साक्षी गणेश एवं साक्षी हनुमान जी की अति प्राचीन प्रतिमा विराजमान है जहां पर हनुमान लला का प्राकट्योत्सव विधि विधान एवं सनातन परंपरा के अनुसार मनाया गया। भगवान हनुमान लाल को श्रीफल लड्डू का भोग नए वस्त्र धारण करने पश्चात आरती पूजन के बाद हनुमान जी की चालीसा का पाठ कर पूजन किया गया। श्री मार्कण्डेय आश्रम अग्नि पीठ के आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्म ऋषि रामकृष्णानंद जी महाराज ने बताया कि कलयुग में हनुमान जी के बराबर कोई बलशाली एवं शक्तिशाली भगवान नहीं है जो थोड़े ही पूजन पाठ से जल्दी ही प्रसन्न हो जाते हैं और आश्रम के जो साक्षी गणेश एवं साक्षी हनुमान जी की प्रतिमा है वह अति प्राचीन है ऐसा कहते हैं यह प्रतिभा स्वयंभू है एवं अमरकंटक में दर्शन उपरांत अगर अंत में साक्षी गणेश साक्षी हनुमान के दर्शन नहीं किया तो अमरकंटक में दर्शन का फल लाभ नहीं मिलता इसलिए यह बहुत ही विलक्षण और प्राचीन प्रतिमा है। यहां पर भगवान मार्कण्डेय ने तपस्या की थी यहां पर मार्कण्डेय ऋषि की तपस्थली भी है। मार्कण्डेय आश्रम के अलावा अमरकंटक के प्रमुख आश्रमों में कल्याण सेवा आश्रम फलाहारी आश्रम बर्फानी आश्रम एवं श्री नर्मदा मंदिर के उत्तर दिशा में स्थित हनुमान जी का अति प्राचीन मंदिर जहां पर विशेष पूजन उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।



## क्रीड़ा परिसर अमरकंटक के निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने लिया जायजा



**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित क्रीड़ा परिसर अमरकंटक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्रीड़ा परिसर के बालक-बालिका छात्रावास में कराए गए निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर तथा सर्व संबंधित उपस्थित रहे। कलेक्टर ने क्रीड़ा परिसर अमरकंटक के बालक-बालिका छात्रावास के निर्माण कार्यों का अवलोकन करते हुए संबंधितों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसएसटी टीम का किया गठन

**अनूपपुर।** संसदीय क्षेत्र शहडोल 12 (अ.ज.जा.) के लोकसभा सामान्?य निर्वाचन के तहत मतदान 19 अप्रैल को सम्पन्न हुआ है। पडोसी राज्य में मतदान होना है, जिसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अनूपपुर जिले सभी विधानसभा से लगी से पड़ोसी राज्य से लगी सीमा क्षेत्र अंतर्गत एसएसटी टीम का गठन किया है। कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा है कि विधानसभा क्षेत्र 86 कोतमा के अंतर्गत रामनगर डोला में प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक राजस्व निरीक्षक भू अभिलेख अनूपपुर सूरजभान टांडिया एवं वीडियोग्राफर राकेश यादव, दोपहर 2 से रात 10 बजे तक टीम 2 उप यंत्री नगर परिषद डोला मानशाह कुंजाम एवं वीडियोग्राफर मुकेश यादव तथा रात 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक टीम-3 उपयंत्री नगर परिषद डूमरकछार शिवराम एवं वीडियोग्राफर नरेंद्र यादव की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार बगडुमरा नाका में प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 तक टीम-1 राजस्व निरीक्षक भू अभिलेख अनूपपुर मेघनंद सिंह कंवर एवं वीडियोग्राफर अंबिका प्रसाद यादव, दोपहर 2 से रात 10 तक टीम-2 समग्र विस्तार अधिकारी सामाजिक न्याय एवं निःशक्त कल्याण विभाग अनूपपुर ईश्वर चंद्र शर्मा एवं वीडियोग्राफर ओम प्रकाश यादव इसी प्रकार रात 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक टीम-3 उपयंत्री अविनाश मरकाम एवं वीडियोग्राफर नरेंद्र यादव की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार मझौली छतई, पुष्पराजगढ़ के धरमपानी में भी ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर ने आदेश में कहा है कि उक्त समिति भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचरण संहिता के अंतर्गत निदेर्शों का पालन करेगी जांच की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करेगी साथ ही टीम अपने समय में साप्ताहिक परिवर्तन करती रहेगी।

## प्रचंड गर्मी में प्रातः संचालित हो विद्यालय

### भगवा पार्टी के जिला महामंत्री ने जिला प्रशासन से की मांग



**अनूपपुर।** संपूर्ण मध्यप्रदेश सहित अनूपपुर जिले में इन दिनों मौसम का तेवर सातवें आसमान पर है। प्रचंड गर्मी के कारण स्कूली बच्चों के समय में तत्काल फेरबदल किया जाना जनहित में जरूरी है। भगवा पार्टी अनूपपुर के जिला महामंत्री वरुण चटर्जी ने जिला प्रशासन से मांग की है कि चिलचिलाती धूप और गर्म लहर वाली हवा से जनजीवन पूरी तरह से बेहाल है। सुबह 9 बजे के बाद ही सड़के सूनी हो जाती हैं। धूप से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग सलाह देता है लेकिन छोटे-छोटे स्कूली बच्चों को इस समय चिलचिलाती धूप में स्कूल जाने को मजबूर होना पड़ता है। भगवा पार्टी के जिला महामंत्री अनूपपुर वरुण चटर्जी ने जिला प्रशासन से स्कूलों के समय बदलने की मांग की है। उन्होंने कहा कि 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान रहता है, वही 10 बजे से 4 बजे तक स्कूलों का संचालन हो रहा है। स्कूलों में गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं है। जिले के अधिकांश विद्यालयों में पीने के पानी एवं बिजली न होने से छात्रों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रातः कालीन समय में स्कूलों को प्रारंभ कराया जाए जिससे बच्चों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके।



## ग्रीष्म ऋतु में सभी लोगों को मुहैया हो शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल - कलेक्टर

### कलेक्टर ने की ग्रीष्म ऋतु के पेयजल व्यवस्था की समीक्षा

**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने कहा है कि जिले में ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए सभी लोगों को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल मुहैया होना चाहिए। किसी भी नगरीय निकाय तथा पंचायत क्षेत्र में ग्रीष्म काल में पेयजल की समस्या नहीं आना चाहिए। जिन स्थानों पर जल-स्तर नीचे जाने के कारण हैण्ड पम्प नहीं चल रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर वहाँ तत्काल बोरिंग की जाये। जिन क्षेत्र में पेयजल की समस्या है वहाँ आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ आज कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिन क्षेत्रों में जल स्तर गिरने से हैण्डपंप बन्द हो गये हैं, वहां राईजर पाइप डालकर हैण्डपंप चालू करवायें। जिले में पर्याप्त मात्रा में राईजर पाइप उपलब्ध रहें। ग्रामीण क्षेत्रों में नलजल योजनाएँ चलती रहें इसकी व्यवस्था करें। जहाँ जरूरत हो पेयजल परिवहन की व्यवस्था करें। पेयजल की स्थिति की लगातार मॉनीटरिंग की जाये। बिगड़े हेण्ड पंपों के सुधार की लगातार निगरानी की जाये। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्रों के अंतर्गत संकटग्रस्त बसाहटों का भ्रमण करें, जहां पेयजल की समस्या है वहां वैकल्पिक रूप से व्यवस्था कर पेयजल की समस्या को दूर करें। कलेक्टर ने अधिकारियों से जनपद पंचायत कोतमा के अंतर्गत दूरस्थ ग्राम चंगेरी के बैगान टोला में पेयजल व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। जिस पर अधिकारियों ने कलेक्टर को बताया कि बैगान टोला में मात्र तीन परिवार है और वहां बेहतर पेयजल सुविधा उपलब्ध नही है, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल उन परिवारों को पेयजल व्यवस्था मुहैया कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देषित करते हुए कहा कि जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम बहेराबांध में 1000 मीटर पाइप लाइन ग्राम पंचायत एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय बनाते हुए पाइप बिछाने एवं पेयजल मुहैया कराने का कार्य करें। इसी प्रकार कलेक्टर को अधिकारियों ने बताया कि ग्राम बुढ़ानपुर में नलकूप खनन कार्य हो चुका है और मोटर लगाने की प्रक्रिया जारी है। जिस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को जल्द मोटर लगाकर पेयजल मुहैया कराने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के हैण्डपम्पों में राईजर पाईप, सिंगल फेस मोटर पम्प स्थापना, नवीन नलकूप खनन, नलजल योजना एवं पेयजल परिवहन व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की तथा समयावधि में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## निर्माण कार्यों में शिथिलता व लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त

### विभिन्न विभागों के प्रगतिरत निर्माण कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

**अनूपपुर।** निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता और लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। तय समय-सीमा में कार्यों को पूर्ण करने के लिए विभागीय अधिकारी मानीटरिंग करना सुनिश्चित करें तथा अद्यतन स्थिति की जानकारी मय फोटोग्राफ संधारित करें। उक्ताशय के निर्देश कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने नर्मदा सभागार में आयोजित जिला खनिज प्रतिष्ठान मद के प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने जनजातीय कार्य विभाग तथा सर्व शिक्षा अभियान के प्रगतिरत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि नवीन शैक्षणिक सत्र के पूर्व स्कूल भवन, अतिरिक्त भवन व हॉस्टल के कार्य पूर्ण किए जांए। जिससे विद्यार्थियों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि कार्य को गतिपूर्वक करने के लिए मॉनीटरिंग आवश्यक है। संबंधित अधिकारी रिव्यू बैठक सुनिश्चित करें। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध जवाबदेही तय कर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बैठक में कार्यों की पूर्णता के संबंध में समीक्षा करते हुए अधिकारियों को उपयोगिता व पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर राशि के निर्गमन के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में निर्माण कार्यों की कार्यवार समीक्षा करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति के कार्यों की नियमित मॉनीटरिंग कर कार्यों की पूर्णता के निर्देश दिए। जिला खनिज प्रतिष्ठान मद अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में कार्य सुनिश्चित करने तथा भवन के हैण्डओवर की कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अनूपपुर बायपास सड़क निर्माण कार्य की प्रगति बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। नगरपालिका अनूपपुर के डीएमएफ मद के कार्यों की समीक्षा के दौरान कार्यों में प्रगति परिलक्षित नही होने पर कलेक्टर ने उपयंत्री तथा संविदाकार के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में शिथिलता होने व बार-बार निर्देश के बाद भी कार्यों में प्रगति नही होने पर जिम्मेदारी तय कर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अनूपपुर रेलवे ओवर ब्रिज तथा हर्री-बर्री तिपान नदी पुल निर्माण के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए सेतु निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने हर्री-बर्री तिपान नदी पर पुल निर्माण कार्य की गति बढ़ाकर वर्षा ऋतु के पूर्व अपेक्षाकृत कार्य कराने के निर्देश दिए।

## अमरकंटक के सौंदर्यीकरण के कार्य तेजी से कराएं पूर्ण- कमिश्नर



### कमिश्नर ने की अमरकंटक के सौंदर्यीकरण के कार्यों की समीक्षा

**अनूपपुर।** कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद की उपस्थिति में अमरकंटक के सौंदर्यीकरण के लिए किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर अनूपपुर आशीष वशिष्ठ, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती निमिषा पांडेय, अनविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पराजगढ़, सहायक कलेक्टर महिपाल सिंह गुर्जर एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अमरकंटक में किए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने कहा कि अमरकंटक में कराए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों को गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ तेजी से पूर्ण कराया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि अमरकंटक में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करें तथा सौंदर्यीकरण के कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित कराएं। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने अमरकंटक नगर के मेला ग्राउण्ड, मां नर्मदा मंदिर परिसर, सोनमूड़ा, रामघाट, माई की बगिया, कपिलधारा क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अमरकंटक को पर्यावरणीय और पर्यटन की दृष्टिकोण से नेचुरल ब्यूटी को विकसित करना है। समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने कहा कि अमरकंटक में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अमरकंटक ही नही इसके आसपास के प्राकृतिक सुन्दरता को विकसित करने की आवश्यकता है। बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने अमरकंटक क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।